सिद्धार्थनगर पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 30.05.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा 03 अभियुक्तगण के विरूद्ध की गयी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के दृष्टिगत दिनांक 29.05.2024 को मारपीट, छेड़खानी आदि घटनाओं में संलिप्त 03 अभियुक्तगण 1. प्रदीप कुमार साहनी पुत्र रामेश्वर निवासी उसकी थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर 2. सोनू कुमार साहनी पुत्र बहरैची निवासी उसकी थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर 3. राजकुमार साहनी पुत्र शिव साहनी निवासी उसकी थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के विरूद्ध धारा 3(3) गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 की कार्यवाही की गयी।

प्रेस नोट दिनांक 30.05.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।

आज दिनांक 30.05.2024 को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा जनसुनवाई कर शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को गूगल मीट के माध्यम से तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 03 भूमि विवाद, 06 मारपीट व 10 अन्य से संबंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

प्रेस-नोट दिनांक 30-05-2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆क्रेडिट कार्ड KYC के माध्यम से शिकायतकर्ता के खाते से फ्राड हुए सम्पूर्ण धनराशि ₹49999/- को साइबर सेल सिद्धार्थनगर ने कराया वापस।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में जनपद सिद्धार्थनगर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व नेतृत्व में प्रभारी साइबर सेल अरुण कुमार व टीम साइबर सेल द्वारा शिकायतकर्ता मो0 सुजात खाँन निवासी वार्ड नं0 10 कस्बा व थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर के खाते से फ्राड हुए सम्पूर्ण धनराशि ₹49999/- को कार्यवाही करते हुए वापस कराया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

शिकायतकर्ता मो0 सुजात खाँन निवासी वार्ड नं0 10 कस्बा व थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर का क्रेडिट कार्ड KYC के माध्यम से कुल धनराशि ₹49999/- का फ्रॉड किया गया। शिकायतकर्ता उपरोक्त को जैसे ही ज्ञात हुआ कि उसने साथ फ्रॉड हो गया। उक्त की सूचना साइबर सेल सिद्धार्थनगर को दी गई तथा दी गई शिकायत के आधार पर साइबर सेल टीम की मदद से कार्यवाही करते हुए मो0 सुजात खाँन के खाते में धनराशि ₹49999/- वापस कराया गया। साइबर टीम के सराहनीय कार्य के लिए मो0 सुजात खाँन द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

धनराशि बरामद कराने वाली साइबर पुलिस टीम-

1- निरीक्षक अरुण कुमार प्रभारी साइबर सेल जनपद सिद्धार्थनगर।
2- उप निरीक्षक राजेश शुक्ला साइबर सेल जनपद सिद्धार्थनगर।
3- मुख्य आरक्षी अतुल चौबे साइबर सेल जनपद सिद्धार्थनगर।
4- आरक्षी शिवम् मौर्या, आशुतोष जायसवाल, राहुल मौर्या साइबर सेल जनपद सिद्धार्थनगर।
5- म0का0 शिप्रा, प्रियंका साइबर थाना सिद्धार्थनगर।

प्रेस-नोट दिनांक 30.05.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆धोखाधड़ी के 02 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे।

◆थाना सिद्धार्थनगर पुलिस को मिली बडी सफलता।

◆अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में, सुजीत राय क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन में गौरव सिंह प्रभारी निरीक्षक सिद्धार्थनगर के नेत्तृव में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-90/2024 धारा 419, 420, 465, 467, 468, 471, 474, 120बी भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्त व अभियुक्ता को आज दिनांक 30.05.2024 हिरासत पुलिस में लेकर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

01.अनीता पत्नी राम नेवास निवासिनी वर्डपुर नं0 11 टोला बरगदही थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

02.सोमनाथ पुत्र विनय निवासी रेहरा थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

01.उ0नि0 अनूप कुमार मिश्र थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

02.मु0आ0 दिनेश कुमार यादव थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

03.आ0 प्रभाकर यादव थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

03.म0आ0 अर्चना मिश्रा थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 30.05.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने थानाक्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट-स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 30.05.2024 को जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक /थानाध्यक्ष द्वारा शांति व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास पैदल गश्त/चेकिंग किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया।